# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 154 Cr.P.C.)**
**(प्रथम सूचना रिपोर्ट)**
**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत )**

**1. District (ज़िला):** STATE VIGILANCE AND  **P.S.(थाना):** SHIMLA  **Year(वर्ष):** 2024
**FIR No(प्र.सू.रि.सं.):** 0002  **Date & Time of FIR (एफआईआर की तिथि / समय):** 07/02/2024 11:56 AM

**2.**

| S.No.(क्र. | Acts(अधिनियम ) | Sections(धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 420 |
| 2 | IPC 1860 | 467 |
| 3 | IPC 1860 | 468 |
| 4 | IPC 1860 | 471 |
| 5 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)(b) |

**3. (a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
**1. Day(दिन):**  **Date From(दिनांक से):**  **Date To(दिनांक तक):**
**Time Period (समय अवधि):**  **Time From (समय से):**  **Time To (समय तक):**
**(b) Information received at P.S.(थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ): Date(दिनांक):** 07/02/2024  **Time (समय):** 09:00 AM
**(c) General Diary Reference (रोजानामचा संदर्भ):**  **Entry No.(प्रविष्टि सं.):** 010  **Time (समय):** 07/02/2024 10:42 AM

**4. Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

**5. Place of Occurrence (घटनास्थल ):**
**1. (a) Direction and distance from P.S (थाना से दूरी और दिशा):** EAST, 6 Km(s)  **Beat No(बीट सं.)**
**(b) Address(पता):** PWD Office Dhalli Shimla, Mashobra , 171012
**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
**Name of P.S(थाना का नाम):** DHALLI  **District(State)(ज़िला(राज्य)):** SHIMLA(HIMACHAL PRADESH)

**6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**
**(a) Name(नाम):** SI Bhupender Kumar
**(b) Father's/Mother's/Husband's Name (पिता / माता / पति का नाम):**
**(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि /वर्ष):** 1967  **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA
**(e) UID No (यूआईडी सं.):**
**(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
**Date of Issue (जारी करने की तिथि ):**  **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**
**(g) Id details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN )(पहचान विवरण(राशन कार्ड,मतदाता पहचान पत्र, पारपत्र,आधार कार्ड सं.,ड्रायविग लायसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type(पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number(पहचान संख्या) |
|---|---|---|

**(h) Occupation (व्यवसाय):**

**(i) Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | VILLAGE- SV AND ACB SIU Shimla , TEHSIL-Shimla , PS-SHIMLA, DISTRICT-STATE VIGILANCE AND ANTI-CORRUPTION BUREAU (SV & ACB), STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |
| 2 | **Permanent Address** | VILLAGE- SV AND ACB SIU Shimla , TEHSIL-Shimla , PS:SHIMLA, DISTRICT-STATE VIGILANCE AND ANTI-CORRUPTION BUREAU (SV & ACB), STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |

**(j) Phone number** (दूरभाष न.): **Mobile** (मोबाइल न.)**:**91-8679777717

**7. Details of known/suspected/unknown accused with full particulars** (ज्ञात/ संदिग्ध /अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन ):

**Accused More Than** (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हों तो संख्या):

| **S.No.** (क्र.सं.) | **Name** (नाम) | **Relative's Name** (रिश्तेदार का नाम) | **Present Address** (वर्तमान पता) | **Parmanent Address** (स्थाई पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Jagjeevan Kishore | | COLONY- Mechanical Div.HPPWD Dhalli ,VILLAGE-Dhalli ,TEHSIL-Shimla ,PS-DHALLI,DISTRICT-SHIMLA,STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA | COLONY- Mechanical Div.HPPWD Dhalli ,VILLAGE-Dhalli ,TEHSIL-Shimla ,PS-DHALLI,DISTRICT-SHIMLA,STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA |
| 2 | Sohan Lal | | | |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant** (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

**9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)** (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

| **S.No.** (क्र.सं.) | **Property Category** (संपत्ति श्रेणी) | **Property Type** (सम्पत्ती के प्रकार) | **Nature Property** (प्रकृति संपत्ति) | **Description** (विवरण) | **Value(In Rs/-)** (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|---|

**10. Total value of property stolen (In Rs/-)** (चोरी हुई सम्पत्ति का कुल मूल्य (रु में) ):

**11. Inquest Report / U.D. case No., if any** (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू॰डी॰प्रकरण न॰, यदि कोई हो ):

| **S.No.** (क्र.सं.) | **UIDB Number** (यू.आई.डी.बी.संख्या) |
|---|---|

**12. First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)** (प्रथम सूचना तथ्य (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

Enquiry report of complaint no. 15/2023 dated 05.09.2023 along with relevant record has been received in Police Station, SV & ACB, Shimla for registration of criminal case, vide VHQ letter No. SV&ACB (R/HQ) Comp. 15/2023(SIU)-2638 dated 2-02-2024 and SP, SV&ACB (SR) Shimla, letter endst. no. SV&ACB (R-SR) Comp. (SIU)15/2023-1067 dated 5-02-2024,. The contents of the enquiry report is as under "उपरोक्त शिकायत पत्र संख्या SV&ACB (R/HQ) Comp. No. 15/2023 SIU-19361 dated 04-09-2023 VHQ से कार्यालय पुलिस अधीक्षक महोदय SV&ACB (SIU) शिमला में श्री जगजीवन वरिष्ठ सहायक, यान्त्रिक डिविजन लोक निर्माण विभाग ढल्ली, शिमला (सेवा निवृत) के विरुध प्राप्त हुआ था । जिसकी तस्दीक SI Bhupender Kumar, E/O, SV&ACB (SIU), Shimla द्वारा अमल में लाई गई है । शिकायतकर्ता श्री महेश शर्मा द्वारा शिकायत पत्र में निम्न लिखित आरोप अंकित किए गए हैः- (1) श्री जगजीवन मैकेनिकल डिवीजन एच.पी.पी.डब्ल्यू.डी. ढली, शिमला में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात थे । फिलहाल वह रिटायर हो चुके हैं । श्री जगजीवन ने लगभग 30 लाख रु. के फर्जी अवकाश नकदीकरण बिल अपनी सेवाकाल के दौरान निकाले हैं, 30 लाख रुपये के ऐसे फर्जी बिलों का विवरण निम्न प्रकार से हैः- (i) वह एच.पी.पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल डिवीजन ढली, शिमला में बिल सहायक के रूप में कार्यरत थे । (ii) अवकाश नकदीकरण (Leave Encashment) बिल क्रमांक 100144 दिनांक 26/8/2017, राशि 3,93,300/ रूपये का बिल श्री सलीम अहमद के नाम से तैयार किया गया व उसके खाता में भुगतान किया गया है । एक और फर्जी अवकाश नकदीकरण बिल क्रमांक 100214 दिनांक 16/11/2017, राशि 4,00,140/ रू0 का बिल सलीम अहमद के नाम तैयार करके श्री जगजीवन बिल सहायक के खाता में भुगतान किया गया । (iii) फर्जी अवकाश नकदीकरण बिल क्रमांक 100328 दिनांक 9/3/2018, राशि 3,60,950 रू0 श्री गोपाल सिंह के नाम पर तैयार करके श्री जगजीवन के खाता में भुगतान किया गया । एक अन्य अवकाश नकदीकरण बिल क्रमांक 100038 दिनांक 16/5/2018, राशि 3,60,950 रू0 जो कि श्री गोपाल सिंह के नाम पर तैयार किया गया व उसके खाता में भुगतान किया गया । (iv) फर्जी अवकाश नकदीकरण बिल क्रमांक 100178 दिनांक 23/10/2018, श्री राम चरण के नाम से तैयार करके श्री जगजीवन के खाता में भुगतान किया गया । फर्जी अवकाश नकदीकरण बिल क्रमांक 100257 दिनांक 20/12/2018, राशि 4,22,880 रू0 का बिल राम चरण के नाम से

तैयार करके जगजीवन के खाता में भुगतान किया गया । (v) फर्जी अवकाश नकदीकरण बिल संख्या 100303 दिनांक 11/2/2019 राशि 5,25,360 रू0 श्री धर्म चन्द के नाम तैयार करके श्री जगजीवन के खाता में भुगतान किया । (vi) तीन फर्जी अवकाश नकदीकरण बिल क्रमांक 100258 दिनांक 27/1/2020 राशि 4,27,800 रू0 , बिल क्रमांक 100291 दिनांक 11/3/2020, राशि 2,43,572 रु0 व बिल क्रमांक 100017 दिनांक 3/6/2020 राशि 4,36,430 रु0 श्री सोहन लाल के नाम पर तैयार किया गया था व सोहन लाल के खाता में भुगतान किया गया । इस प्रकार एक ही व्यक्ति को तीन बार अवकाश नकदीकरण का भुगतान कर सरकारी राशि की चोरी की है । जांच प्रक्रिया के दौरान वांछित दस्तावेज/ बिलों की सत्यापित छायाप्रतियां, कार्यालय अधिषासी अभियन्ता, यात्रिंक मण्डल, हि0प्र0लो0नि0वि0, ढली शिमला-12 से प्राप्त हुई । इस सन्दर्भ में उक्त दस्तावेज/बिल की कार्यालय प्रतियों को अपनी अभिरक्षा में रखने वाले वर्तमान कर्मचारी अर्थात श्री देवराज मैहता पुत्र श्री रोशन लाल, निवासी गांव शरण, डा0 व तहसील ननखड़ी, जिला शिमला, हि0प्र0, वर्तमान वरिष्ठ सहायक, कार्यालय अधिषासी अभियन्ता यांत्रिक मण्डल, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग ढली, शिमला-12 को उक्त दस्तावेजों की वास्तविकता जानने के प्रयोजन से जांच में शामिल किया गया व ब्यान लेखबद्ध किया गया है । श्री देवराज मैहता ने जांच के दौरान अपने ब्यान में लेखबद्ध करवाया कि, “ मैं लोक निर्माण विभाग हिमाचल प्रदेश कार्यालय अधिषासी अभियन्ता यांत्रिक मण्डल ढली में बतौर वरिष्ठ सहायक कार्यरत हूँ । आपके द्वारा उपरोक्त शिकायत पत्र में आपके कार्यालय के पत्र संख्या SV&ACB R/SP, SIU/-1593 दिनांक 09-10-2023, के अनुसार वांछित दस्तावजों को उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया गया है, जिसके अनुरूप उक्त पत्र के सन्दर्भ में हमारे कार्यालय से पत्र संख्या PW/MDS/Bill Asstt./Vigilance/2023-24-2507 दिनांक 07-11-2023, के अनुसार आपको वांछित दस्तावेज की सत्यापित छायाप्रतियां उपलब्ध करवाई गई हैं, जो आज मैने आपके अभिलेख मे देख ली हैं । मैं आज दिनांक 29-11-2023 को आपके साथ जांच/छानबीन में सम्मिलित रहा हूँ । उपलब्ध करवाए गए दस्तावेज मेरे पास मेरी अभिरक्षा में रहते हैं, जो उक्त दस्तावेज कार्यालय प्रति से छायप्रतियां उपलब्ध करवाकर आपको हमारे विभाग के Head of office अर्थात अधिषासी अभियन्ता के माध्यम से प्रेषित किए गए हैं । कार्यालय में उपलब्ध कार्यालय प्रति के अनुसार आपके कार्यालय को उपलब्ध करवाए गए बिल की छायाप्रतियों व हमारे कार्यालय में विद्यमान कार्यालय प्रति के अनुसार बिल संख्या 100144 दिनांक 26-08-2017, राशि 3,93,300/- रू0 जो कि सलीम अहमद के नाम से Leave Encashment बिल के रूप मे तत्कालीन बिल सहायक जगजीवन किशोर (सेवा निवृत) ने Sanction Order के अनुसार तैयार किया है तथा सरकारी कोष से आहरण करवाकर सलीम अहमद के खाता संख्या 5590107546 HPSC बैंक में भुगतान किया गया है , जो कि यह बिल सही है । इसी प्रकार बिल संख्या 100214 दिनांक 16-11-2017, राशि 4,00,140/- रू0 भी बिल सहायक जगजीवन किशोर ने सलीम अहमद के नाम से तैयार करके सरकारी कोष से आहरण करवाकर अपने खाता संख्या 89420100004789, HPGB में भुगतान करवाया है जो कि यह बिल जाली है । बिल संख्या 100328 दिनांक 09-03-2018 राशि 3,60,950/- रू0 भी बिल सहायक जगजीवन किशोर उपरोक्त ने गोपाल सिंह के नाम से तैयार करके सरकारी कोष से आहरण करवाकर अपने खाता संख्या 89420100004789, HPGB में भुगतान करवाया है, जो कि यह बिल जाली है । बिल संख्या 100038 दिनांक 16-05-2018 राशि 3,60,950/- रू0 बिल सहायक जगजीवन किशोर द्वारा गोपाल सिंह के नाम से तैयार करके ट्रेजरी से आहरण करवाकर गोपाल सिंह के खाता संख्या 55007110699 SBI में भुगतान करवाया है जो कि यह बिल सही है तथा वास्तविक लाभार्थी के खाता में भुगतान हुआ है । बिल संख्या 100178 दिनांक 23-10-2018 राशि 4,17,590/- रू0 का बिल जगजीवन किशोर द्वारा राम चरण के नाम से तैयार करके ट्रेजरी से आहरण करवाकर अपने (जगजीवन) खाता संख्या 89420100004789 HPGB में भुगतान करवाया है, जो कि यह बिल फर्जी है । बिल संख्या 100257 दिनांक 20-12-2018 राशि 4,22,880/- रू0 का बिल जगजीवन किशोर द्वारा फिर से राम चरण के नाम से तैयार करके ट्रेजरी से आहरण करवाकर अपने (जगजीवन) खाता संख्या 89420100004789 HPGB में भुगतान करवाया है जो कि यह बिल भी फर्जी है । बिल संख्या 100303 दिनांक 11-02-2019 राशि 5,25,360/- रू0 का बिल जगजीवन किशोर द्वारा धर्म चन्द के नाम से तैयार करके ट्रेजरी से आहरण करवाकर अपने (जगजीवन) के खाता संख्या 89420100004789 HPGB में भुगतान करवाया है जो कि यह बिल फर्जी है, किन्तु इस बिल की कार्यालय प्रति मेरी अभिरक्षा में उपलब्ध अभिलेख के अनुसार उपलब्ध न है जिसके उपलब्ध न होने के कारण इस बिल की Net Generated Copy आपको उपलब्ध करवाई गई है । बिल संख्या 100258 दिनांक 27-01-2020 राशि 4,27,800/- रू0 बिल सहायक जगजीवन द्वारा सोहन लाल के नाम से तैयार करके ट्रेजरी से आहरण करवाकर सोहन लाल के खाता संख्या 30530858961 SBI में भुगतान करवाया है , जो कि यह बिल फर्जी है क्योंकि मैने कार्यालय के स्थापना शाखा में कार्यरत तत्कालीन वरिष्ठ सहायक श्री विजय सिंह जो वर्तमान में भी इसी कार्यालय में बतौर वरिष्ठ सहायक (स्थापना) कार्यरत हैं, से सम्पर्क किया है । बिल संख्या 100291 दिनांक 11-03-2020 राशि 2,43,572/- रू0 बिल सहायक जगजीवन द्वारा सोहन लाल के नाम से पुनः तैयार करके ट्रेजरी से आहरण करवाकर सोहन लाल

के खाता संख्या 5620118223 HPSC बैंक में भगतान करवाया है जो कि यह बिल श्री विजय सिंह के अनुसार सही है । बिल संख्या 100017 दिनांक 03-06-2022 राशि 4,36,430/- रू0 बिल सहायक जगजीवन किशोर द्वारा सोहन लाल के नाम से तैयार करके ट्रेजरी से आहरण करवाकर सोहन लाल के खाता संख्या 30530858961 SBI बैंक में भुगतान करवाया है जो कि यह बिल फर्जी है । बिल संख्या 100089 दिनांक 24-07-2018 राशि 4,06,690/- रू0 का बिल सहायक जगजीवन किशोर द्वारा तैयार किया गया है जिसके स्वीकृती आदेश मेरी अभिरक्षा में उपलब्ध रिकॉर्ड अर्थात बिल में उपलब्ध न थे जिसकी स्वीकृती आदेश स्थापना शाखा से प्राप्त करके आज अपने साथ लाया हूँ व अपको सौंप रहा हूँ, के अनुसार यह बिल किरपाल सिंह के नाम से जगजीवन किशोर द्वारा तैयार करके ट्रेजरी से आहरण करवाकर बिल सहायक जगजीवन किशोर ने अपने बैंक 89420100004789 HPGB अर्थात मे भुगतान करवाया है जो कि यह बिल फर्जी है । इस प्रकार तत्कालीन बिल सहायक श्री जगजीवन किशोर ने उपरोक्त 11 बिलों में से 03 (तीन) बिल जिनकी वास्तव में सेवा निवृत कर्मचारियों को Leave Encashment की राशि देय बनती थी, को ट्रेजरी से आहरण करवाकर उनके खाता में भुगतान करवाया है । जबकि 06 बिल तैयार करके बिल सहायक श्री जगजीवन किशोर उपरोक्त ने वास्तव मे सेवा निवृत हुए कर्चारियों के नाम पर फर्जी/जाली बिल तैयार करके 25,33,610 रू0 की राशि को अपने खाता 89420100004789 HPGB में आहरण करवाया है । यही नहीं सोहन लाल के नाम से तीन बिल उपरोक्त तैयार करके सरकारी खजाना से आहरण करवाए हैं व सोहन लाल के खाता में ही भुगतान करवाया है, जबकि वास्तव में सोहन लाल को 2,43,572 रू0 की राशि की अदायगी की जानी थी किन्तु वास्तव में सोहन लाल के खाता में 11,07,802 रू0 की राशि भुगतान की गई है जो कि 8,64,230 रू0 की राशि अधिक भुगतान करवाई गई है । इस प्रकार जगजीवन किशोर तत्कालीन बिल सहायक द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए सरकारी खजाना से फर्जी बिल तैयार करके मुबल्रीग 25,33,610 + 8,64,230 = 33,97,840 रू0 की राशि का अवैध रूप से अपने खाता में व सोहन लाल के खाता में भुगतान करके स्वंय अपने को व सोहन लाल को अनुचित लाभ लेने के प्रयोजन से सरकारी राशि का गबन करके सरकार को अनुचित हानि पहुंचाई है । यही नहीं सोहन लाल के नाम पर जो तीन बिल आहरण करवाए गए हैं व सोहन लाल के खाता में भुगतान करवाया गया है, के सन्दर्भ में हमारे कार्यालय द्वारा उसे उक्त राशि अधिक देय होने की स्थिती के सन्दर्भ में पत्राचार करके प्रतिउत्तर मांगा गया है किन्तु सोहन लाल ने आज दिन तक उस पत्र का कोई भी जवाब न दिया है जिससे स्पष्ट है कि उसने भी सरकारी राशि का अवैध रूप से जिसका वह हकदार नहीं था को अपने हित में प्रयोग किया है ।” शिकायत पत्र के विवरण, हासिल किये गये रिकॉर्ड, ब्यान वरिष्ठ सहायक श्री देवराज मैहता उपरोक्त तथा तस्दीक पर पाया कि तत्कालीन बिल सहायक जगजीवन किशोर द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए सरकारी खजाना से फर्जी बिल तैयार करके मुबलिग 25,33,610 + 8,64,230 = 33,97,840 रू0 की राशि का अवैध रूप से अपने खाता में व सोहन लाल के खाता में भुगतान करके स्वंय अपने को व सोहन लाल को अनुचित लाभ लेने के प्रयोजन से सरकारी राशि का गबन करके सरकार को अनुचित हानि पहुंचाई है । जो जगजीवन किशोर (वरिष्ठ सहायक) व सोहन लाल के विरुध जुर्म जेर धारा- 420,467,468,471 IPC व धारा 13(1) B भ्रष्टाचार निवारण (संशोधित) अधिनियम 2018 की परिधि में आना पाया जा रहा है । कार्यवाही अज थाना :- शिकायत पत्र उपरोक्त व तस्दीक जांच से आरोपी जगजीवन किशोर (तत्कालीन वरिष्ठ सहायक) व सोहन लाल के विरुध मामला अन्तर्गत धारा - 420,467,468,471 IPC and Sec. 13(1)(b), PC (Amended) Act 2018 का घटित होना पाया जा रहा है । जिस पर प्रथम सूचना रिपोर्ट पर्जीकृत थाना की गई । प्रथम सूचना रिपोर्ट की जरुरी प्रतियां तैयार की जा रही है । FIR की प्रति इसी समय संबंधित न्यायालय व उच्च अधिकारियों को ब्राये सूचनार्थ भेजी जा रही है । मिसल मुकदमा मुताबिक मौखिक आदेश SP, SV&ACB(SIU) के SI Kuldeep Singh, SV&ACB(SIU) को मय संबंधित कागजात/रिकार्ड के आगामी तफ्तीश/ कार्यवाही हेतू दी जा रही है ।

**13. Action taken Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(**की गयी कार्यवाही**:** चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं**.2.**में उल्लेख धारा के तहत है **|):**

**(1)Registered the case and took up the investigation (**प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया**):**

**or (**या**)**

**(2)Directed (Name of I.O.):(**जांच अधिकारी का नाम **):**Kuldip Singh Atwal **Rank (**पद**):** Asst. SI (Assistant Sub-Inspector)
**No(**सं.**):** 17748 **to take up the Investigation (**को जांच आपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया **) or**

**(3)Refused investigation due to(**जांच के लिए**):**
**or (**के कारण इंकार किया या**)**

**(4)Transferred to P.S.(**थाना**):** **District(**ज़िला**):**
**on point of jurisdiction (**को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित**)**

**F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost. (**शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी**,** सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी **|)**

**R.O.A.C.(**आर.ओ.ए.सी.**)**

**14. Signature/Thumb impression of the complainant / informant.**
**(**शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान**):**

Signature/हस्ताक्षर

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(**थाना प्रभारी के हस्ताक्षर**)**

**Name(**नाम**):** Balwant Singh
**Rank (**पद**):** INSP. (Inspector)
**No(**सं.**):**

**15. Date and time of dispatch to the court**
**(**अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय**):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )**
**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 1963 | | | | |
| 2 | Male | 1960 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | |
| | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)**